






नवभारत
सतना, बुधवार 13 अगस्त, 2025



# वोट की चोरी और लोकतंत्र को बचाने राहुल गांधी के साथ लड़ाई लड़ना है : पटवारी

## प्रदेश सरकार पर कांग्रेसियों ने साधा निशाना, कमिश्नर कार्यालय का घेराव कर सौंपा गया 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन, अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने का आह्वान





नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, शहर के पद्मधर पार्क में आयोजित कांग्रेस के न्याय सत्याग्रह में प्रदेश की भाजपा सरकार पर कांग्रेसियो ने जमकर हमला बोला. सत्याग्रह सभा के बाद 14 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर राज्यपाल के नाम सौपा गया. कमिश्नर के अनुपस्थिति पर अपर कमिश्नर को ज्ञापन दिया गया.**

प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र और न्याय की लड़ाई के लिये सबको आगे आना होगा. राहुल गांधी के साथ वोट की चोरी को रोकने और लोकतंत्र को बचाने हम सबको मिलकर लड़ाई लड़नी होगी. यह लड़ाई व्यक्तिगत नही है बल्कि लोकतंत्र को बचाने की है. उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश के साथ धोखा किया है. केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के प्रधानमंत्री तीन बार से नरेन्द्र मोदी हैं. इस दौरान उन्होंने ईडी का दुरुपयोग किया, सीबीआई का दुरुपयोग किया, यहां तक कि मीडिया पर पाबंदी लगाई और न्याय व्यवस्था पर भी पहरा लगा दिया. उन्होंने न्याय व्यवस्था पर सरकार द्वारा दखल किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि हाल ही में जो हाईकोर्ट में जजों की पदस्थापना हुई है उसमें एक बीजेपी की प्रवक्ता जो टीवी में डिवेट किया करती थीं उन्हें जज बना दिया गया है. ऐसी स्थिति में अब हम उनसे किस तरह के न्याय की उम्मीद करेंगे. उन्होने कहा कि लाड़ली बहना को 3 हजार रुपए देने का वादा किया गया था, जिसे आज तक पूरा नहीं किया गया. उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार को अली बाबा, चालीस चोर कहते हुए स्वास्थ्य व्यवस्था पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र खतरे में है, ये लड़ाई देश के संविधान की है. हम सबको वोट की चोरी बचाना है और राहुल गांधी के साथ यह लड़ाई लड़ना है. यह लड़ाई आपके भरोसे की है. जब तक आप यहां परिवर्तन नहीं करोगे प्रदेश में परिवर्तन नहीं होगा.

**यह रहे उपस्थित**-कार्यक्रम में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा पटेल, पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, राजेन्द्र सिंह, ओंकार मरकाम, सचिन यादव, फुंदेलाल मार्को, अभय मिश्रा, जिला अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, महापौर अजय मिश्रा बाबा, डा0 विनोद शर्मा आदि नेता शामिल रहे.

### सरकार ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना दिया : उमंग सिंघार

मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने संबोधित करते हुए कहा कि विपक्ष और हर आवाज को दबाने का काम किया जा रहा है . अन्याय के खिलाफ लड़ने वालो के विरूद्ध केस दर्ज किये जा रहे है . देश व प्रदेश के अंदर एक नया ट्रेंड चालू हो गया है हिटलरशाही का . प्रदेश के अंदर 70 लाख लोगों पर केस दर्ज हो गए हैं . उन्होंने कहा कि आज का दिन महत्वपूर्ण इसलिए है कि कल जो घटना दिल्ली में घटी वह काला अध्याय के रूप में लिखा जाएगा . जिस तरह राहुल गांधी की गिरफ्तारी हुई उससे यह स्पष्ट होता है कि यह सरकार पूरी तरह से बेलगाम हो गई है . नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मध्यप्रदेश के अंदर 20 से 60 सीटें ऐसी हैं जो फर्जी वोटों से जीती गई हैं . कार्यक्रम में आए लोगों से उन्होंने आह्वान किया कि अब बदलाव की आवश्यकता है . आरक्षण पर उन्होंने कहा कि ओबीसी को मिलने वाला आरक्षण सरकार द्वारा रोका जा रहा है . केन्द्र में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कल तक जो किसान का बेटा प्रदेश का मुख्यमंत्री था आज केन्द्र में कृषि मंत्री है . लेकिन उन्हें किसानों की आवाज सुनाई नहीं दे रही है . चुनाव के समय जो लोग किसानों की आवाज सुनने के लिए पर्चियां बांटते थे अब वह गायब हो गए हैं . आपको आगे आना होगा और अपने हक की लड़ाई लड़नी होगी .

### भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है : अजय सिंह

न्याय सत्याग्रह कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने कहा कि राहुल गांधी से भारतीय जनता पार्टी की लड़ाई नहीं है, यह लड़ाई आपके हक की है . उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है, किसी प्रकार का अधिकारियों में डर नहीं होता है . अब यह लड़ाई हमको नहीं जनता को लड़ना है . अगर जनता यह ठान ले कि आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार बने तो इसे कोई नहीं रोक सकता है . उन्होंने लक्ष्मण बाग की जमीन के संबंध में कहा कि जल्द ही 36 एकड़ भूमि की रजिस्ट्री होने वाली है . जब मंदिर की ही जमीन चली जाएगी तो हम आपका क्या होगा . उन्होने बिजली और खाद से किसान परेशान हैं . बावजूद अब एक और समस्या जल्द आने वाली है वह है डिजिटल मीटर का . ऐसे में किसानों के बिजली का बिल कितना आएगा यह आने वाला समय बताएगा .

### किसानों पर भी भाजपा सरकार ने लगाया टैक्स : कमलेश्वर

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सीडब्ल्यूसी सदस्य एवं विधायक कमलेश्वर पटेल ने कहा कि आज जो आंदोलन हो रहा है उसकी सख्त आवश्यकता है . आज सबसे ज्यादा किसान खाद व बिजली से परेशान है . उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में जो यूरिया 50 रुपए में मिलती है वह अब 262 रुपए हो गई है . इतना ही नहीं किसानों द्वारा खरीदे जाने वाले कृषि उपकरण पर कभी भी टैक्स नहीं लगा परंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अब कृषि उपकरणों पर भी टैक्स लगा दिया है . किसानों को जीएसटी देना पड़ता है .



# पंचायत उन्नति सूचकांक का हुआ विमोचन दस पंचायतों को मिला पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, देश में पंचायतों के समग्र विकास के प्रदर्शन मापक के रूप में पंचायत उन्नति सूचकांक का क्रियान्वयन किया जा रहा है. जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम में पंचायत उन्नति सूचकांक पोर्टल 2.0 का प्रदर्शन किया गया.**

सतत विकास लक्ष्य के 17 वैश्विक मानकों में गरीबी समाप्त करना, भुखमरी समाप्त करना, सभी के लिए अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, सुलभ और स्वच्छ ऊर्जा, सभी के लिए अच्छा काम और आर्थिक वृद्धि, उद्योग, नवाचार और अधोसंरचना का विकास, असमानताओं में कमी, सतत शहर और समुदाय, जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन, जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई, जल के नीचे जीवन (समुद्री जीवन का संरक्षण), स्थलीय जीवन (पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता का संरक्षण), शांति, न्याय और मजबूत संस्थान, लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु वैश्विक साझेदारी पंचायती राज एवं ग्रामीण शासन के सदंर्भ में, सतत विकास लक्ष्यों एसडीजीएस का स्थानीयकरण एलएसडीजी जैसी पहलों के माध्यम से किये जाने की जानकारी दी गई.

यह प्रक्रिया ग्राम पंचायतों को अपने विकास कार्यों को वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप दिशा देने में सक्षम बनाती है, जिससे स्थानीय स्तर पर समावेशी, सहभागी और टिकाऊ विकास सुनिश्चित हो सके. इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर एवं अधिकारी उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त

### परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री आज आयेंगे रीवा

**रीवा, 12 अगस्त**, प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह 13 अगस्त को दोपहर 12 .30 बजे रीवा आयेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत अपरान्ह 2 बजे लोलरी (नरसिंहपुर) रवाना हो जायेंगे .

### एचआईवी संक्रमण नियंत्रण संबंधी बैठक आज

**रीवा, 12 अगस्त,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 13 अगस्त को सुबह 11 बजे एचआईवी नियंत्रण एवं जागरूकता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया है . उल्लेखनीय है कि 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है . सीएमएचओ डॉ . संजीव शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन के तत्वाधान में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे .

### नशामुक्ति संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन आज

**रीवा, 12 अगस्त,** नशामुक्ति संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन सभी कार्यालयों, विद्यालय एवं महाविद्यालयों तथा जनसमुदाय के सहयोग से 13 अगस्त को दोपहर 12 बजे किया जायेगा . कार्यक्रम में रैलियों एवं मानव श्रंखला के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया जायेगा . नशामुक्ति के कार्यक्रमों में चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता, शपथ आदि का आयोजन किया जायेगा . कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी संबंधित विभागों को नशामुक्ति कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में निर्देश दिये .



### बाल संप्रेक्षण गृह में तिरंगा कार्यक्रम

**रीवा, 12 अगस्त,** बाल संप्रेक्षण गृह रीवा में हर घर तिरंगा अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ . कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने देश भक्ति के गीत प्रस्तुत किए . किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य डॉक्टर कृष्णपाल शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के महत्व के बारे में बताया . अधीक्षक अर्चना पचौरी द्वारा स्वच्छता के लिए शपथ दिलायी गई . कार्यक्रम का संचालन शिवानी द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन सचिन द्वारा किया गया . कार्यक्रम के दौरान पूरा स्टाफ एवं बच्चे मौजूद रहे .



### अंगद करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**रीवा, 12 अगस्त,** रीवा के निवासी रसल जॉर्डन (अंगद) जो कि अष्ट सिद्ध हनुमान व्यायामशाला अखाड़ा घाट के पहलवान हैं, उन्होंने यू 23 सीनियर कुश्ती स्पर्धा जो कि इंदौर में 11 अगस्त को आयोजित हुई . उसमें ग्रीको रोमन 130 किलो भार वर्ग में इंदौर के मोहम्मद रज़ा ख़ान को बाय फॉल (चित) कर प्रथम स्थान प्राप्त किया . अब वे रांची, झारखंड में होने वाली राष्ट्रीय यू 23 सीनियर कुश्ती स्पर्धा में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिसका सारा श्रेय वे अपने पिता अरविंद त्रिपाठी, जिम फिटनेस कोच आलुंकृत शर्मा, मार्गदर्शक बादल शुक्ला और डॉ . शिवम सिंह को देते हैं .

### स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल आज

**रीवा, 12 अगस्त,** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को एसएएफ मैदान में आयोजित होगा . समारोह में आयोजित होने वाले परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल 13 अगस्त को प्रात : 9 बजे एसएएफ मैदान में की जाएगी .



तिरंगा साइकिल यात्रा में रीवा कमिश्नर और निगम आयुक्त साइकिल में

## तिरंगा रैली में विधायक और जनपद अध्यक्ष हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, हर घर तिरंगा अभियान के तहत गंगेव में विशाल तिरंगा रैली निकाली गई. रैली का नेतृत्व विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति तथा जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी ने किया.**

इस संबंध में एसडीएम मनगवां संजय जैन ने बताया कि रैली देशभक्ति गीतों के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई. रैली में 200 फिट का विशाल तिरंगा सबके आकर्षण का केन्द्र रहा. रैली में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में आमजनों ने भाग लिया. तिरंगा यात्रा उत्कृष्ट विद्यालय गंगेव से मेन बाजार होते हुए बाईपास से घूम कर जनपद गंगेव परिसर पहुंची. जहा स्वच्छता की शपथ ली गई. इस तिरंगा यात्रा में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और स्थानीय लोग भी शामिल हुए. तिरंगा यात्रा को लेकर लोगो में बेहद उत्साह देखने को मिला.



गंगेव में तिरंगा यात्रा में चल रहे मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति एवं जनपद अध्यक्ष

## देशभक्ति के गीतों से गुंजायमान तिरंगा साइकिल यात्रा की रही धूम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, रीवा में हर घर तिरंगा अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है. अभियान के तहत शहर के प्रमुख मार्गों से तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई.**

रिमझिम फुहारों के बीच पूरे उत्साह के साथ अधिकारियों, खिलाड़ियों तथा विद्यार्थियों ने रैली में भाग लिया. रैली के दौरान पूरा मार्ग देशभक्ति के गीतों से गुंजायमान रहा. रैली का नेतृत्व रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने किया. रैली का शुभारंभ स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से हुआ. इस अवसर पर कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान स्वतंत्रता संग्राम के वीरों का नमन है. हमने बड़ी कुर्बानियाँ देकर आजादी पाई है. देश को स्वतंत्र कराने में हजारों वीरों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए. आज की रैली में जो साइकिल सवार शामिल हुए हैं वे सब देशभक्ति का संदेश देने वाले दूत हैं. हर नागरिक हर घर तिरंगा अभियान में सहभागी बनकर देश के गौरव और सम्मान में अपना योगदान दें. साइकिल रैली स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से शुरू होकर मुख्य मार्ग खुटेही होते हुए सिरमौर चौराहा पहुंची. इसके बाद रैली अमहिया, अस्पताल चौराहा तथा प्रकाश चौराहा होते हुए शिल्पी प्लाजा बाजार पहुंची. रिमझिम फुहारों की बीच रैली मानस भवन से होती हुई कालेज चौराहे में विवेकानंद पार्क में समाप्त हुई. पार्क में विवेकानंद जी की प्रतिमा के समक्ष तिरंगे फहराकर सामूहिक रूप से भारतमाता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए गए. रैली के शुभारंभ पर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई.

रैली में डीआईजी राजेश सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने सहभागिता की.

## रीवा में कलेक्टर करेंगी स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, जिले भर में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस उमंग और उल्लास के साथ मनाया जाएगा. जिला स्तरीय भव्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित होगा.**

समारोह की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल होंगी. मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली जाएगी. ध्वजारोहण के बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा. समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस संदेश का सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा. इसके बाद समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे. समारोह का समापन श्रेष्ठ कार्य करने वालों को पुरस्कार वितरण से होगा. स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्राथमिक तथा माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन किया जा रह है.

## जनसुनवाई में 82 आवेदकों ने रखी अपनी समस्याएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने 82 आवेदकों की समस्यायें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये.**

इस दौरान सहायक कलेक्टर सृष्टि जायसवाल ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं. जनसुनवाई में रामनिवास निवासी गोरगांव एवं सुहानी कुशवाहा निवासी रीवा ने नामांतरण करने तथा राजू पटेल एवं रमाकांत मिश्रा खरा निवासी व्योहरा ने नक्शा तरमीम के आवेदन दिये जिन्हें संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया. महसांव के अरूण प्रताप सिंह, श्यामवती दाहिया, चोरहटा निवासी छकौड़ीलाल विश्वकर्मा के रास्ते से अतिक्रमण हटाने के आवेदनों को संबंधित नायब तहसीलदार को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया. मोतीलाल त्रिपाठी कुठुलिया के संबल योजना का लाभ दिलाने के आवेदन पर श्रम अधिकारी को निर्देशित किया.

## घर से आफिस तक साइकिल चलाकर पहुंचे अफसर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की पहल पर 12 अगस्त को भी सुमंगल साइकिल दिवस मनाया गया. कमिश्नर श्री जामोद तथा अन्य अधिकारी सुबह तिरंगा साइकिल यात्रा में शामिल हुए.**



संभाग और जिला स्तर के अधिकारी तथा अधिकांश कर्मचारी साइकिल से कार्यालय पहुंचे. पर्यावरण की सुरक्षा, ईंधन की बचत और शरीर तथा मन को स्वस्थ रखने की इस पहल में अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई. सभी संभागीय अधिकारी सुबह 10.45 बजे कमिश्नर आवास पर एकत्रित होकर साइकिल चलाते हुए संभागीय समीक्षा बैठक में शामिल होने के लिए कमिश्नर कार्यालय पहुंचे.रीवा में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा सहायक कलेक्टर सृष्टि जायसवाल ने शासकीय वाहन के स्थान पर ई रिक्शा से कार्यालय पहुंची. जेल अधीक्षक सतीश उपाध्याय भी ई रिक्शा का उपयोग करते हुए सेंट्रल जेल तथा कमिश्नर कार्यालय पहुंचे. जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर साइकिल से जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे. कई अधिकारी और कर्मचारी ई स्कूटी, ई रिक्शा और पैदल चलते हुए कार्यालय पहुंचे. मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन भी साइकिल से कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे.

## ई आफिस में रीवा संभाग प्रदेश में पहुंचा दूसरे स्थान पर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 12 अगस्त, कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की.**

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि ई आफिस में रीवा संभाग के संभागीय कार्यालयों ने अच्छा कार्य किया है. संभाग अब प्रदेश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है इसके लिए मैं सभी अधिकारियों को बधाई देता हूँ. संभागीय अधिकारी जिला कार्यालयों में भी ई आफिस की व्यवस्था को प्रभावी बनाएं. रीवा संभाग में अब तक 10164 फाइलों और पत्रों का ई आफिस के माध्यम से मूवमेंट और निराकरण हुआ. सभी अधिकारी हर सप्ताह कम से कम 20 फाइलें ई आफिस के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें. ई आफिस में हर सप्ताह 10 से कम फाइलों का मूवमेंट होने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी. बैठक में कमिश्नर ने कहा कि अभी दिसम्बर से मार्च तक सेवानिवृत्त अधिकारियों और कर्मचारियों के 34 प्रकरण लंबित हैं. इनका एक सप्ताह में निराकरण करें. कई पेंशन प्रकरण विभागीय जाँच के कारण लंबित हैं. कलेक्टर संबंधित अधिकारियों को विभागीय जाँच पूरी करके प्रकरण का निराकरण करने के निर्देश दें जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन प्रकरण का निराकरण हो सके. सभी अधिकारी 31 जुलाई तक सेवानिवृत्त सभी शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण 26 अगस्त तक अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में उपलब्ध करा दें. कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जलाशय लगभग भर गए हैं.

बैठक में संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, डिप्टी कमिश्नर श्रेयस गोखले, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य डॉ एमएल गुप्ता, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे मौजूद रहे.

### वाहन रैली आज

**रीवा, 12 अगस्त,** हर घर तिरंगा अभियान में पर्यटन स्थलों पर भी साफ-सफाई तथा हर घर तिरंगा अभियान से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. इस क्रम में 13 अगस्त को कमिश्नर बीएस जामोद के नेतृत्व में रीवा से पुरवा जल प्रपात तक वाहन रैली निकाली जाएगी. रैली सुबह 8 बजे कमिश्नर बंगले से आरंभ होगी. रैली में सभी संभागीय अधिकारी तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे.